05.08.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त–मौसम केन्द्र ने जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया।
- राज्य विधानसभा में विधि विभाग के आदेश को लेकर हंगामा–सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित।
- प्रदेशभर में हरियालो राजस्थान–एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण को लेकर तैयारियां जोरो पर।
- राज्यभर में तीसरे वन सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता।

0000

प्रदेश के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटों में हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। तेज बारिश को देखते हुए कई जिलों में जिला प्रशासन ने स्कूलों का अवकाश घोषित कर दिया है। ब्यावर, नागौर, जोधपुर और जोधपुर ग्रामीण जिलों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए जिला कलेक्टरों ने कल कक्षा 1 से 12वीं तक सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। कोटा, उदयपुर और अजमेर संभागों में कल रात से कई स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई। टोंक जिले के नगरफोर्ट गांव में सर्वाधिक 321 मिलीमीटर पानी बरसा। जोधपुर में कल रात से बरसात का दौर जारी है, जिसके कारण निचले इलाकों में पानी भर गया। अजमेर में भी कल रात से जारी बारिश के कारण शहर के कई इलाके जलमग्न हो गये और निचले इलाकों में पानी भर गया। जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया। पाली में हुई मूसलाधार बारिश से दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में सड़कों पर पानी जमा हो गया। जिले के सोजत में सबसे ज्यादा 261 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। बाडमेर में भी आज सावन की झड़ी लगी रही। भीलवाड़ा और बूंदी सहित कई जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश हुई। बाड़मेर और जैसलमेर मेें भी कई इलाकों में मध्यम से तेज बरसात हुई । मूसलाधार बारिश से जैसलमेर जिले के कई गांवों और ढांणियों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया। लोहारकी गांव में आकाशीय बिजली गिर जाने से 137 भेड़ों की मौत हो गई। टोंक जिले में भी कल से तेज बारिश का दौर जारी है। इसके चलते नदी नाले उफान पर हैं। शहर में सड़कों पर पानी जमा हो गया। जयपुर में भी सुबह से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। सवाई माधोपुर और बालोतरा में भी हल्की वर्षा का दौर जारी रहा।

कल से हो रही तेज बारिश के कारण जोधपुर जिले के बोरानाडा थाना क्षेत्र में आज तड़के एक फैक्ट्री की दीवार ढहने से 13 मजबूर दब गये। इनमें तीन मजदूरों की मौत हो गयी। घायलों का जोधपुर एम्स में उपचार चल रहा है। पाली जिले में भी बारिश होने से निचले इलाकों में पानी भर गया और एक मोटरसाइकिल सवार पानी में बह गया। भीलवाड़ा के मेनाल झरने में पिकनिक मनाने गया एक युवक बह गया, जिसकी तलाश जारी है। उधर, सवाईमाधोपुर में बनास नदी के भारजा एनिकट में कल बहे एक युवक का शव आज बरामद कर लिया गया। जोधपुर मंडल में हुई तेज बारिश से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने आज और कल भी कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि जैसलमेर, बाडमेर और जोधपुर में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

............................

इस बीच जोधपुर मण्डल के बिलाडा–पीपाड रोड और केरला–पाली मारवाड यार्ड के मध्य पानी भर जाने से रेल यातायात प्रभावित हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार इस कारण कई रेल सेवाओं को आंशिक रूप से रद्द किया गया है। वहीं कुछ रेलगाडियां परिवर्तित मार्ग से चलाई जायेंगी। पुणे–भगत की कोठी एक्सप्रेस रेलसेवा मारवाड़ जंक्शन तक चलेगी। यह रेल मारवाड़ जंक्शन से भगत की कोठी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी तरह साबरमती–जोधपुर रेलसेवा भी मारवाड़ जंक्शन तक ही संचालित होगी। यह रेल मारवाड़ जंक्शन से जोधपुर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

जोधपुर–बांद्रा टर्मिनस रेलगाड़ी जोधपुर से चलकर परिवर्तित मार्ग लूणी–समदडी–भीलडी–पालनपुर और अहमदाबाद होकर संचालित होगी। इसी तरह बीकानेर बांद्रा टर्मिनस रेलसेवा बीकानेर से चलकर परिवर्तित मार्ग लूणी–समदडी–भीलडी–पालनपुर और अहमदाबाद होकर चलाई जायेगी।

000

राज्य विधानसभा में आज विधि विभाग के एक आदेश तथा प्रदेश के एक मंत्री के बेटे को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त करने के मामलों को लेकर कांग्रेस विधायकों ने जमकर हंगामा किया। भोजनावकाश के बाद प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मामला उठाते हुए कहा कि विधि विभाग ने सरकारी वकीलों की नियुक्ति आदेश सीआरपीसी के तहत जारी किया है जो अब निष्प्रभावी हो गया है। उन्होंने सरकार से इस पर अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग की, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसकी अनुमति नहीं दी, जिसके कारण सदन में काफी हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही पहले आधा घंटा के लिए फिर कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को सदन में हंगामे के दौरान विधानसभा अध्यक्ष की तरफ गलत इशारे करने और दुर्व्यवहार के आरोप में बजट सत्र की शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया। कांग्रेस विधायक सदन में धरने पर बैठे हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रतिपक्ष के विधायक विधानसभा में रातभर धरना देंगे।

000

राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा ने आज विधानसभा में कहा कि डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम–डी.आई.एल.आर.एम.पी. के तहत नक्शों में दर्ज गलत प्रविष्टियों का शुद्धिकरण तहसीलदार और उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से किया जा रहा है। इस बारे में संबंधित जिला कलक्टरों को निर्देश दिये गये हैं। राजस्व मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने आज विधानसभा में कहा कि राशन की दुकान के डीलर के निलंबन के बाद नियमानुसार उसका चार्ज निकटतम राशन डीलर को अधिकतम 6 माह तक देने का प्रावधान है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बीकानेर जिले में नियम विरुद्ध तरीके से अन्य राशन डीलर को 6 माह से ज्यादा समय तक अटैच करने तथा निकटतम राशन डीलर को चार्ज न देकर दूर के राशन डीलर को चार्ज देने के मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

000

प्रदेश में 'हरियालो राजस्थान–एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 7 अगस्त को हरियाली तीज के अवसर पर लगभग दो करोड़ पौधे लगाये जायेंगे। पहाड़ियों, चारागाह भूमि, सड़क किनारे, स्कूलों, अमृत सरोवर और जल स्रोतों के किनारे पौधारोपण कर प्रदेश को हरा–भरा बनाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए आज जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी 50 जिलों की तैयारियों और माइक्रो प्लानिंग को लेकर समीक्षा की गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार और ग्रामीण

विकास विभाग के शासन सचिव आशुतोष ए टी पेडणेकर ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि महिलाओं को लहरिया परिधान पहनकर पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही आमजन को भी निःशुल्क पौधों का वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य बजट 2024—25 में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के माध्यम से हर परिवार को जोड़ते हुए 7 करोड़ पौधे लगाने और उनकी देखभाल का लक्ष्य रखा गया है।

000

आज तीसरा वन सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेशभर के शिवालयों सहित जयपुर के सभी शिव मंदिरों में उत्सव जैसा माहौल है। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने जयपुर के ताड़केश्वर महादेव, झारखंड महादेव और अन्य शिवालयों में पूजा—अर्चना की। झुंझुनूं जिले में लोहार्गल सूर्य कुण्ड में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर पवित्र स्नान किया और शिवालय में भगवान शिव का जलाभिषेक कर सूर्य मंन्दिर में पूजा—अर्चना की। सवाईमाधोपुर जिले में शिवाड़ स्थित श्री घुश्मेश्वर महादेव मन्दिर में सहस्त्रघट और रूद्राभिषेक के आयोजन हुए और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। भरतपुर के शमशानेश्वर महादेव मन्दिर में महादेव जी की झांकी सजायी गई।

000

मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए श्रीगंगानगर जिले में आज से स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान शुरू हुआ। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि अभियान के तहत जिले में 346 टीमों का गठन किया गया है जो मच्छरजनित बीमारियों के लिए घर घर जाकर आमजन को जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। इसलिए मच्छरों के फैलाव को रोकने और बीमारियों की रोकथाम के लिए 31 अगस्त तक ये अभियान चलाया जाएगा।

000

पेरिस ओलंपिक के आज 11वें दिन भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने इतिहास रच दिया। महिला टीम स्पर्धा में पहली बार भाग ले रहे भारत ने रोमानिया को तीन—दो से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मनिका बत्रा ने अपने दोनों सिंगल्स मैच जीते। श्रीजा अकुला और अर्चना कामत ने डबल्स मैच में जीत हासिल की। एथलेटिक्स में महिलाओं की 400 मीटर दौड की हीट में किरण पहल 52 दशमलव पांच—एक सेकंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहीं। किरण कल रेपेचेज राउंड के जरिए सेमीफाइनल में जगह बनाने की एक और कोशिश करेंगी। निशानेबाजी के मिक्स्ड टीम क्वालिफिकेशन के दूसरे राउंड में महेश्वरी चौहान और अनंत सिंह नरुका ने 50 में से 48 का स्कोर बनाया। भारतीय जोड़ी फिलहाल 97 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। बैडमिंटन में लक्ष्य सेन पुरुष सिंगल्स के कांस्य पदक मुकाबले में मलेशिया के ली ज़ी जिया के खिलाफ मुकाबला जारी है। महिला कुश्ती के 68 किलोग्राम भार वर्ग के प्री—क्वार्टर फाइनल में आज निशा का मुकाबला यूक्रेन की टेटियाना रिज़्को से होगा। पुरुषों की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज़ के पहले राउंड के हीट—दो में अविनाश साबले अपनी चुनौती रखेंगे। पदक तालिका में चीन 21 स्वर्ण, 16 रजत और 12 कांस्य सहित 49 पदक लेकर पहले स्थान पर है। भारत तीन कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में 57वें स्थान पर है।

000

संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा युवा मामले और खेल मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने पेरिस में चल रहे 33वें ओलंपिक खेलों का जश्न मनाने के लिए आज चार स्मारक डाक टिकटों का एक सेट जारी किया। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम पदक विजेता सरबजोत सिंह, स्टीपलचेज़ एथलीट सुधा सिंह और पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा भी शामिल हुए।